**परियोजना का नाम :–** जनपद हरिद्वार में (सी0आर0एफ0 2019–20) केन्द्रीय सड़क योजना के अन्तर्गत रूड़की–लक्सर–बालावाली मार्ग, राज्यमार्ग संख्या 26 के कि0मी0 01 से कि0मी0 19.00 तक पेब्ड सोल्डर से मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य हेतु वन भूमि हस्तान्तरण।

**वैकल्पिक संरखेण तलाशे जाने एवं उन्हें निरस्त किये जाने का कारण मय तुलनात्मक विवरण**

प्रमाणित किया जाता है कि मार्ग पूर्व में निर्मित है। वर्तमान में मार्ग चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाना प्रस्तावित है।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता<br>राष्ट्रीय मार्ग खण्ड,<br>लोक निर्माण विभाग,<br>देहरादून | सहायक अभियन्ता<br>राष्ट्रीय मार्ग खण्ड,<br>लोक निर्माण विभाग,<br>देहरादून | अधिशासी अभियन्ता<br>राष्ट्रीय मार्ग खण्ड,<br>लोक निर्माण विभाग,<br>देहरादून |

# Justification of Land

37

रूड़की–लक्सर–बालावाली मोटर मार्ग एक महत्वपूर्ण राज्य मार्ग (राज्य मार्ग संख्या 20) है, जोकि रूड़की में कैन्ट के अधीन मार्ग से होते हुए ढंढेरा रेलवे फाटक से प्रारम्भ होकर पुरकाजी–लक्सर–हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग 334 ए के कि0मी0 29 पर मिलता है। इस मार्ग पर इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन सहित अन्य कई बड़ी कम्पनियाँ के प्रतिष्ठान स्थित है। जिसके कारण इस मार्ग पर दिन–रात हल्के एवं भारी वाहनों का यातायात का आवागमन अत्याधिक बना रहता है। किन्तु मार्ग की सतह अत्यन्त जीर्णशीर्ण अवस्था में होने एवं मार्ग की पटरियों के क्षतिग्रस्त होने के कारण यह यातायात के लिए असुरक्षित हो गया था। अतः मार्ग के आर्थिक एवं सामाजिक महत्ता के कारण सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या– फा0स0 एन0एन0–28014/01/2014/यू0आर0/सी0आर0एफ0/एन0एच0–02 (जोन–1) दिनांक 06.03.2019 एवं उत्तराखण्ड शासन, लोक निर्माण अनुभाग–03 के शासनादेश संख्या– 1309(1)/III(3)/2020-32(C.R.F)/2019 दिनांक 23 अक्टूबर, 2020 द्वारा इसके चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के साथ–साथ आबादी वाले भाग में पक्की नाली एवं पटरी निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है। विगत वर्षों में भू–क्षरण इत्यादि के कारण मार्ग के किनारे में कटाव हो जाने से मार्ग की पटरी कटी–फटी एवं अनियमित हो गयी है, जिससे मार्ग पर सुरक्षित यातायात हेतु मार्ग के दोनो ओर पटरी निर्माण एवं आबादी वाले भाग में जल भराव की समस्या के समाधान हेतु पक्की नाली का निर्माण किया जाना आवश्यक है।

**सहायक अभियन्ता**
**रा0मा0 खण्ड लो0नि0वि0**
**देहरादून**

**अधिशासी अभियन्ता**
**रा0मा0 खण्ड लो0नि0वि0**
**देहरादून।**